भारत सरकार
जल संसाधन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1547
जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2011 को दिया जाना है ।

.....

भूजल में रासायनिक तत्वों की मौजूदगी

1547. डा. के.पी. रामालिंगम:

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, भू-जल प्रेक्षण कूपों के माध्यम से प्रत्येक वर्ष भू-जल में मौजूद रासायनिक तत्वों की मात्रा की सतत निगरानी करता है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या बोर्ड संबंधित प्राधिकरण को भू-जल में मौजूद रासायनिक तत्वों की मात्रा कम करने संबंधी पद्धतियों का अनुपालन करने के लिए कोई अनुदेश भी जारी करता है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बोर्ड द्वारा स्थापित भू-जल प्रेक्षण कूपों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वींसेंट एच. पाला)

(क) जी हां, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड मानसून-पूर्व मौसम के दौरान वर्ष में एक बार देश के विभिन्न भागों में स्थित 14966 प्रेक्षण कुओं के नेटवर्क के माध्यम से भूमि जल के नमूनों को एकत्र करता है ।

(ख) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा प्रतिनिधि नमूने के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर उथले जल भृतों का रासायनिक विश्लेषण किया गया है और इससे प्राप्त आंकड़ों को उपयुक्त आवश्यक कार्रवाई करने के लिए भूमि जल वर्ष पुस्तिका के रूप में राज्य में प्रयोक्ता अभिकरणों को उपलब्ध कराया जाता है । 'जल' राज्य का विषय होने के कारण जल में विभिन्न संदूषकों के रासायनिक घटक को हटाने / कम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई संबंधित राज्य अभिकरणों द्वारा की जाती है । केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा राज्य अभिकरणों को इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किए जाते हैं ।

(ग) प्रेक्षण कुओं की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक - I** पर दी गयी है ।

अनुलग्नक - I

केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा मॉनिटर किए जाने वाले प्रेक्षण कुओं की राज्य-वार संख्या

क्रम संख्या	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	प्रेक्षण कुओं की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	902
2	अरुणाचल प्रदेश	13
3	असम	306
4	बिहार	326
5	छत्तीसगढ़	578
6	दिल्ली	162
7	गोवा	53
8	गुजरात	1011
9	हरियाणा	391
10	हिमाचल प्रदेश	86
11	जम्मू एवं कश्मीर	187
12	झारखण्ड	226
13	कर्नाटक	1505
14	केरल	938
15	मध्य प्रदेश	1168
16	महाराष्ट्र	1217
17	मणिपुर	23
18	मेघालय	36
19	नागालैण्ड	19
20	ओडिशा	1110
21	पंजाब	297
22	राजस्थान	1038
23	तमिलनाडु	1146
24	त्रिपुरा	44
25	उत्तर प्रदेश	1065
26	उत्तरांचल	109
27	पश्चिम बंगाल	886
28	अण्डमान व निकोबार	64
29	चण्डीगढ़	28
30	दादरा एवं नगर हवेली	7
31	दमन व दीव	14
32	पुदुच्चेरी	11
	कुल	**14966**

*****